## संक्षिप्त समाचार

### खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को दिए निर्देश

**देहरादून, एजेंसी।** ब्लॉक क्षेत्र के समस्त प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की होशियार सिंह बुद्धू मल जैन बालिका इंटर कॉलेज में बैठक आयोजित की गई। इसमें जिलाधिकारी की ओर से दिए गए दिशा-निर्देशों को अमल में लाने का निर्णय लिया गया। बैठक में ब्लॉक के सभी 102 प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया। शुक्रवार को बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी विनिता नेगी कठैत ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में तनाव मुक्त माहौल में बच्चों को शिक्षा देने की व्यवस्था की जानी चाहिए। कहा कि अधिकांश विद्यालयों में इससे संबंधित पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं। जिन विद्यालयों में संसाधनों की कमी है या पुराने हो चुके हैं, वह जल्द प्रस्ताव भेज दें। प्रत्येक विद्यालय में व्हाइट बोर्ड और एलईडी बल्ब होना अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि पानी की टंकी निर्धारित समय पर साफ की जानी जरूरी है। पानी टंकी के ऊपर नेट लगाना अनिवार्य है। इसके साथ ही पर्याप्त क्रीड़ा सामग्री होनी चाहिए। बच्चों को समावेशी माहौल मुहैया कराना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर विकास रोहिला, विनीता राणा, बलवीर सिंह, अतुल चौहान, शालिनी गौतम, शिखा रानी, राजेंद्र सिंह राणा आदि उपस्थित रहे।

### सिक्योरिटी गार्ड की मदद से फैक्टरी में की चोरी, केस दर्ज

**हरिद्वार, एजेंसी।** सिडकुल थाना क्षेत्र में एक कंपनी के अंदर से सामान चोरी कर लिया गया। चोरी की वारदात को अंजाम सिक्योरिटी गार्ड की मदद से दिया गया। इस मामले में कंपनी प्रबंधन की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगालते हुए आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सिडकुल स्थित नीलगिरी इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रबंधक रिपु सूदन शर्मा निवासी शिवरतन सिटी नवोदय नगर ने शिकायत दी। बताया कि कंपनी के गोदाम में दशहरे के दिन और उसके अगले दिन रविवार का अवकाश था। 14 अक्तूबर को गोदाम इंचार्ज ने सामान का मिलान किया तो पीतल और तांबा गायब था। 12 अक्तूबर को सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि कुछ अज्ञात लोग मुख्य गेट से घुस रहे हैं और सामान चोरी करने के बाद फरार हो गए। आरोप है कि इससे पहले कि फुटेज देखने पर भी मालूम हुआ कि उन्हीं लोगों ने पहले भी चोरी की थी। आरोप है कि सिक्योरिटी गार्ड विनीत कुमार ने उनकी मदद की है। 2100 किलोग्राम पीतल, करीब 450 किलोग्राम तांबा चोरी किया गया है। आरोप है कि चोरी करने वाले सभी आरोपी पूर्व में कंपनी में काम करते थे। सभी को कंपनी ने बाहर निकाला था। उनके नाम आकाश, नितिन हैं। थानाध्यक्ष मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सिक्योरिटी गार्ड से भी पूछताछ की जा रही है।

### स्टेडियम में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

**हरिद्वार, एजेंसी।** नगर कोतवाली क्षेत्र में स्टेडियम से करीब ढाई महीने पहले चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से स्टेडियम से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि 25 जुलाई को लालता प्रसाद पुत्र अशरफी ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। बताया था कि हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण की ओर से क्रिकेट स्टेडियम देवपुरा में कार्य कराया जा रहा है। यहां से मशीन लिफ्टिंग का सामान चोरी कर लिया गया था।

### हाईवे पर डंपर की टक्कर लगने से स्कूटी सवार की मौत

**रूड़की, एजेंसी।** नगर कोतवाली क्षेत्र में खनन सामग्री से भरे डंपर की टक्कर लगने से स्कूटी सवार की मौत हो गई। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। चालक डंपर को छोड़कर भाग निकला। पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार को एक स्कूटी सवार ऋषिकेश की तरफ जा रहा था। वीआईपी घाट से पहले शिवमूर्ति के पास पहुंचते ही एक डंपर ने उसे टक्कर मार दी। मौके पर ही स्कूटी सवार की मौत हो गई। नगर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। स्कूटी के नंबर का रजिस्ट्रेशन ऋषिकेश का है। पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## चोरी की तीन मोटरसाइकिलों के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**हरिद्वार, एजेंसी।**
ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर दो और मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं, जिन्हें आरोपी ने अलग-अलग जगहों से चोरी किया था। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, 15 अक्तूबर को रूद्रदेव निवासी गुघाल मंदिर पांडेवाला ज्वालापुर ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। उसकी बाइक 12 अक्तूबर को लक्की डेयरी निकट गुघाल मन्दिर के सामने से चोरी हो गई थी।

कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि उप निरीक्षक रविंद्र जोशी ने टीम के साथ बुधवार की शाम मुखबिर की सूचना पर आरोपी जतिन कश्यप निवासी जट बहादरपुर थाना पथरी को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ रेगुलेटर पुल नहर पटरी से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने की बाइक को गुघाल मंदिर के पास से चोरी करने की बात कबूली। अन्य दो मोटरसाइकिल आरोपी की निशानही पर पुरानी कांवड़ पटरी जंगल के कच्चे रास्ते की तरफ झाड़ियां के नीचे से बरामद की गई हैं। यह मोटरसाइकिल कांवड़ मेले के समय चोरी की थी। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# गंगा बंदी के दौरान नदी का पानी हुआ कम तो दिखने लगा रेलवे ट्रैक, हैरत में पड़े लोग

**हरिद्वार, एजेंसी।**
गंगा बंदी किए जाने के बाद हरकी पैड़ी के पास बहने वाली गंगा और विभिन्न घाटों का नजारा बिल्कुल अलग प्रतीत हो रहा है। गंगा के बीच रेत में अंग्रेजों के शासन काल में बिछाई गई रेलवे लाइन नजर आ रही हैं। जो इस समय चर्चा का विषय बन गई है। हरिद्वार रेलवे स्टेशन से करीब तीन किलोमीटर दूर ये ट्रैक लोगों के मन में जिज्ञासा पैदा कर रहा हैं। मगर हरिद्वार के जानकार बताते हैं कि 1850 के आसपास गंग नहर के निर्माण के दौरान इन ट्रैक पर चलने वाली हाथ गाड़ी का इस्तेमाल निर्माण सामग्री ढोने के लिए किया जाता था। भीमगौडा बैराज से डाम कोठी तक डैम और तटबंध बनाए जाने का काम पूरा होने के बाद अंग्रेज अफसर निरीक्षण करने के लिए इन पर गाड़ियों का इस्तेमाल करते थे।



वरिष्ठ पत्रकार आदेश त्यागी बताते हैं कि गंगनहर लॉर्ड डलहौजी का एक बड़ा प्रोजेक्ट था। जिसे इंजीनियर कोटले के सुपरविजन में तैयार किया गया था। ब्रिटिश काल में कई ऐसे बड़े निर्माण किए गए। जिनकी आधुनिक भारत में महत्वपूर्ण भूमिका है। इतिहासकारों का दावा है कि रुड़की कलियर के पास भारत की पहली रेल लाइन बिछाई गई थी। हालांकि इसे पहले रेलवे लाइन के रूप में पहचान नहीं मिल पाई। शिक्षाविद डॉ. संजय महेश्वरी ने जानकारी देते बताया कि प्रति वर्ष गंगा की साफ-सफाई व घाटों की मरम्मत के लिए सिंचाई विभाग की ओर से गंग नहर बंद की जाती है। जिससे हरिद्वार का नजारा पूरी तरह से बदल जाता है। गंगा का जल सूख जाने से गंगा की तलहटी पर नजर आ रही ये पटरियां ब्रिटिश कालीन तकनीक की एक बानगी भी कही जा सकती है। लक्सर। शनिवार को लक्सर, हरिद्वार, रुड़की होकर जाने वाली कई ट्रेनें काफी लेट चली। दिवाली, छठ पूजा के लिए चलाई गई स्पेशल ट्रेनों ने ज्यादा परेशान किया। उधर, चंदौसी, ऋषिकेश पैसेंजर ट्रेन अरे वहां क्या मुरादाबाद के पास मेवा नवादा रेलवे स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग के चलते 20 अक्टूबर तक रद्द चल रही है। शनिवार को कोलकाता से जम्मूतवी स्पेशल एक्सप्रेस सबसे अधिक 13 घंटे की देरी से चली। इसके अलावा अमृतसर से कटिहार 4 घंटे, बरौनी से जम्मू तवी जाने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस 3 घंटे की देरी से, दरभंगा से अमृतसर जाने वाली दरभंगा एक्सप्रेस ढाई घंटे की देरी से, जम्मूतवी से गुवाहाटी, गोरखपुर से जालंधर सिटी जाने वाली गोरखपुर एक्सप्रेस,अमरनाथ एक्सप्रेस ट्रेन 3-3 घंटे की देरी से चली।

## शॉर्ट सर्किट से सब्जी मंडी में लगी आग, सामान जला

**खटीमा, एजेंसी।** सब्जी मंडी में बुधवार रात एक दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया जिससे लाखों का सामान जल गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाया। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है।

सब्जी मंडी स्थित आबिद की दुकान कुमाऊं ब्रेकर्स में मध्यरात्रि के समय अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब आग पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले चुकी थी। आग की चपेट में आने से दुकान के बगल में सब्जी की दो फड़ भी जल गई। फायर यूनिट का पानी समाप्त होने पर नजदी के फायर हाइड्रेंट से दो वाहन को मंगाया गया। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। अग्निशमन अधिकारी सुभाष जोशी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

## बरसात के बाद गुलजार हुआ तराई पश्चिम वन प्रभाग, मानव जीवन सहित जंगली जीव उठा रहे मौसम का आनंद

**उधम सिंह नगर, एजेंसी।** उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के तराई पश्चिम वन प्रभाग में बरसात के बाद रौनक लौट आई है। इस दौरान वन प्रभाग में हर जगह भरपूर हरियाली देखने को मिल रही है। इसी बीच तराई क्षेत्र के जंगली जीव भी इस खुशनुमा मौसम का आनंद उठा रहे है। साथ ही जंगल में वन्य जीवों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है।

प्राप्त सूचना के मुताबिक बरसात के बाद जनपद के तराई पश्चिम वन प्रभाग में हर जगह भरपूर हरियाली है। इस मौसम में ज्यादातर वन्य जीव घास के मैदान और पानी वाले क्षेत्रों के आस पास दिखाई दे रहे है। इसके चलते टूरिस्ट जॉन में पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है। ऐसे में दूर दूर से आने वाले पर्यटकों को गुलदार और बाघ जैसे जंगली जानवरों को आसानी से देखने का मौका मिल रहा है। वहीं, उप प्रभागीय वनाधिकारी चित्रांजली नेगी ने जानकारी दी है कि बरसात के मौसम में पानी पर्याप्त होने के कारण जानवर जंगल से ज्यादा बाहर नहीं निकलते थे। लेकिन, बरसात के खत्म होते ही जंगली जानवर नदी के किनारे आने लगते है। साथ ही बरसात के बाद उगी नई घास का भी लुत्फ उठाते है। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों का मीटिंग पीरियड भी इसी मौसम में देखने को मिलता है। इसमें जंगली बिल्ली,तेंदुए और चीता आदि जानवरों का मूवमेंट आबादी वाले इलाकों की तरफ देखने को मिलता है।

वनाधिकारी ने लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि तराई पश्चिम वन प्रभाग के आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोग शाम के समय अकेले बाहर ना जाए। साथ ही छोटे बच्चों को अकेला ना छोड़े। ऐसे में अगर किसी को कोई वन्य जीव खेतो में दिखाई देता है तो उसकी जानकारी विभाग को दे। ताकि मानव जीवन के साथ कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने कहा कि इन दिनों वन्य जीवों की मात्रा ज्यादा दिखाई देती है। इसके अतिरिक्त जानवरों का मूवमेंट ऐसी जगह ज्यादा होता है, जहां खाने और पानी के पर्याप्त साधन हो। ऐसे में वन विभाग सहित सभी के लिए सतर्क रहना जरूरी है।

## कोरियर कंपनी के कार्यालय में डिलीवरी ब्वॉय को पीटा

**हरिद्वार, एजेंसी।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में कोरियर को लेकर विवाद होने के बाद कंपनी के कार्यालय में घुसकर डिलीवरी ब्वॉय से मारपीट कर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ग्राहक सहित सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार, पवन ने शिकायत देकर बताया कि वह आर्यनगर चौक के पास ब्लू डार्ट कोरियर कंपनी में डिलीवरी का काम करता है। ग्राहक हरविंदर को 14 अक्तूबर को रिटर्न पार्सल को लेकर कॉल की थी। उसने ने अगले दिन पार्सल देने के लिया कहा। इसके बाद फिर 15 अक्तूबर को ग्राहक को फोन किया। कार्यालय आकर ही पार्सल मिलने की बात कही। हरविंदर उसके पास ही पार्सल लेकर आने पर अडिग हो गया। इसको लेकर कहासुनी हो गई।

## बदरी-केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंचे प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी, पांच करोड़ की धनराशि दी दान

**चमोली, एजेंसी।**
रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को श्री बदरीनाथ धाम तथा श्री केदारनाथ धाम के दर्शन किये।

श्री बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी श्री बदरीनाथ धाम दर्शन किए उद्योगपति मुकेश अंबानी ने पांच करोड़ की धनराशि दानस्वरूप दी है।

गोपेश्वरः पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र रावत ने श्री बदरीनाथ धाम पहुंचकर बदरी विशाल के दर्शन कर पूजा अर्चना कर देश की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की है।

श्री बदरीनाथ धाम पहुंचने पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र रावत का बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति, श्री बदरीनाथ डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत व स्थानीय



संगठनों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

पूर्व सीएम का मंदिर पहुंचने पर मंदिर समिति के मुख्य कार्य अधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने माल्यार्पण एवं रुद्राक्ष की माला भेंट कर स्वागत किया। त्रिवेंद्र रावत ने भगवान बद्री विशाल की शयन आरती में पहुंचकर भगवान श्री बद्री विशाल एवं श्री महालक्ष्मी के दर्शन का पुण्य लाभ अर्जित करते हुए पूरे उत्तराखंड व देश के समग्र कल्याण की कामना की।

बदरीनाथ के प्रधान पुजारी रावल अमरनाथ नंबूदरी ने गर्भ गृह की माला प्रसाद स्वरूप पूर्व सीएम को दी। बदरीनाथ मंदिर पूजा मंडप में धर्म अधिकारी आचार्य राधाकृष्ण थपलियाल, लक्ष्मी मंदिर में लक्ष्मी बड़वा सुमन डिमरी एवं दिनेश डिमरी ने पूजा संपन्न करवाई।

गोपेश्वरः श्री बदरीनाथ धाम में वन मंत्री सुबोध उनियाल पूजा अर्चना की ।

## चीन सीमा को जोड़ने वाले एनएच के रखरखाव से जिला प्रशासन नाखुश, सड़क संगठन और कार्यदाई संस्था को लगाई फटकार



**पिथौरागढ़/नैनीताल, एजेंसी।** चीन सीमा को जोड़ने वाले धारचूला राष्ट्रीय राजमार्ग के रखरखाव की धीमी प्रगति पर पिथौरागढ़ जिला प्रशासन संतुष्ट नहीं है और जिलाधिकारी ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और कार्यदाई संस्था को कड़ी फटकार लगाई है।

जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया और देर रात को धारचूला पहुंचकर बीआरओ, कार्यदाई संस्था, लोक निर्माण विभाग के साथ ही एनएचपीसी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने धारचूला तहसील के अंतर्गत पड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं बलुवाकोट-धारचूला एवं जौलजीबी-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग के रखरखाव की धीमी प्रगति और गुणवत्ता पर असंतुष्टि प्रकट की और बीआरओ एवं कार्यदाई संस्था को फटकार लगाई।

जिलाधिकारी ने तय समझौते के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों का रखरखाव एवं चौड़ीकरण के निर्देश दिए। यही नहीं उन्होंने प्रभावितों तत्काल मुआवजा प्रतिकर धनराशि के भुगतान के निर्देश भी दिए। उन्होंने कार्यदाई संस्था को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

## राज्य के 53 हजार दुग्ध उत्पादकों को जल्द मिलेगी बकाया राशि

**हल्द्वानी, एजेंसी।** राज्य के 53 हजार दुग्ध उत्पादकों को दिवाली से पहले दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन और साइलेज योजना की बकाया राशि दी जाएगी। इसके लिए शासन से डेयरी विकास विभाग को 25 करोड़ रुपये का बजट प्राप्त हो गया है। दिवाली से पूर्व इन योजनाओं की बकाया राशि दुग्ध उत्पादकों के खातों में पहुंच जाएगी।

राज्य के दुग्ध उत्पादकों को मिलने वाली दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन और साइलेज योजना की धनराशि करीब तीन माह से अटकी हुई थी। काफी समय से भुगतान नहीं होने पर दुग्ध उत्पादकों के सामने आर्थिक समस्या खड़ी हो गई। ऐसे में दिवाली नजदीक होने से उत्पादकों की ज्यादा चिंता भी बढ़ गई थी। इसको देखते हुए डेयरी विकास विभाग ने शासन से बजट की मांग की। इस पर शासन से विभाग को 25 करोड़ रुपये का बजट प्राप्त हो गया है। इसमें दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना के 10 करोड़ और साइलेज योजना के 15 करोड़ रुपये शामिल हैं। विभाग का दावा है कि 25 अक्टूबर तक राज्य के सभी दुग्ध उत्पादकों के खाते में धनराशि पहुंच जाएगी। डेयरी विकास विभाग के निदेशक संजय कुमार ने बताया कि राज्य के 53 हजार दुग्ध उत्पादकों को दिए जाने वाले दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन और साइलेज योजना का भुगतान जल्द किया जाएगा।

### बलुवाकोट क्षेत्र की 15 हजार की आबादी को नहीं मिल रही स्वास्थ्य सुविधा

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** बलुवाकोट क्षेत्र में करीब 15 हजार से अधिक की आबादी के लिए चिकित्सा सुविधा के नाम पर एकमात्र आयुर्वेदिक अस्पताल है। क्षेत्र के लोगों को धारचूला या जिला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ती है। क्षेत्रवासियों ने बलुवाकोट में ऐलोपैथिक अस्पताल खोलने की मांग की है। अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगी बलुवाकोट ग्राम पंचायत के आसपास पय्यापौड़ी, ढूंगातोली, छारछुम, पंथा गांव, नकतड़, लेख, गुठानी, फुलहनियां, गागरागांव, पोखरी, पातल, कंपास, टाड़ा, जोशी गांव और बोरा गांव हैं। इन गांवों के लोगों को पांच से 12 किमी पैदल चलकर सड़क तक पहुंचना होता है। सबसे अधिक परेशानी गर्भवतियों को उठानी पड़ती है। उन्हें प्रसव पीड़ा होने पर डोली के सहारे अस्पताल तक पहुंचना पड़ता है। स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर यहां आयुर्वेदिक अस्पताल है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को छोटी-छोटी जांच के लिए भी धारचूला या पिथौरागढ़ की दौड़ लगानी पड़ती है।

## आदमखोर तेंदुए के हमले में एक बालिका की मौत

**टिहरी, एजेंसी।** टिहरी वन प्रभाग की भिलंगना रेंज में शनिवार को एक आदमखोर तेंदुए ने हमला कर एक किशोरी की हत्या कर दी । अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्षेत्र में पिछले चार माह में तेंदुए के हमले की यह तीसरी घटना है।

उत्तराखंडः टिहरी वन प्रभाग की भिलंगना रेंज में शनिवार को एक आदमखोर तेंदुए ने हमला कर एक किशोरी की हत्या कर दी । अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्षेत्र में पिछले चार माह में तेंदुए के हमले की यह तीसरी घटना है।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना कोट महर गांव में शाम करीब साढ़े चार बजे हुई जब 13 वर्षीया साक्षी कैंतुरा खेलने जाने के लिए अपने घर से बाहर निकली और झाड़ियों में घात लगाए बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया । उन्होंने बताया कि साक्षी के चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी शोर मचाते हुए उसके पीछे दौड़े तो तेंदुआ उसे 50 मीटर दूर तक घसीटने के बाद छोड़कर चला गया । हांलांकि, तब तक वह दम तोड़ चुकी थी । कोट महर की ग्राम प्रधान सुरेखा घणाता ने बताया कि तेंदुए ने गत 22 जुलाई को भौंड़ गांव में नौ वर्षीया पूनम को और 29 सितंबर को पुर्वाल गांव में तीन वर्षीय राजकुमार को भी मार डाला था। चार माह में तीन घटनाएं होने के मद्देनजर वन विभाग ने तेंदुए को गोली मारने के लिए क्षेत्र में दो 'शूटर% तैनात किए हैं। तेंदुए की गतिविधियों का पता करने के लिए क्षेत्र में आठ कैमरा ट्रैप और पिंजरे भी लगाए गए हैं।

वन विभाग की टीम भी लगातार क्षेत्र में लगी हुई है लेकिन इसके बावजूद तेंदुआ उनकी पकड़ से बाहर है । शनिवार को भी घटना से ठीक पहले प्रभागीय वन अधिकारी पुनीत तोमर क्षेत्र का दौरा कर लौटे थे । विक्रम सिंह घणाता नामक ग्रामीण ने बताया कि लोगों में वन विभाग के प्रति भारी आक्रोश बना हुआ है और क्षेत्र के गांवों में बच्चों एवं महिलाओं को घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो रहा है।

# आश्रम पर कब्जे को लेकर हरिद्वार में संत की हत्या, गंगा में फेंका शव

**हरिद्वार, एजेंसी।**
ज्ञानलोक कालोनी कनखल स्थित श्रद्धा भक्ति आश्रम के संत महंत राम गोविंद दास के लापता होने की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने पर्दाफाश किया है कि उनकी हत्या की जा चुकी है। मामले में दिल्ली निवासी कपड़ा व्यवसायी, हरिद्वार के एक प्रापर्टी डीलर, एक साधु समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि इन सभी ने आश्रम पर कब्जा कर उसे बेचने की नीयत से पूरी साजिश रची थी। उन्होंने हत्या के बाद शव को बोरे में रखकर उसे गंगा में बहा दिया। पुलिस के मुताबिक 10 करोड़ में आश्रम का सौदा कर मोटा मुनाफा कमाने की तैयारी थी।

शनिवार को एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने बताया कि पूरे मामले का मास्टरमाइंड दिल्ली निवासी कपड़ा व्यापारी अशोक है, जो बाइक चोरी में पहले भी जेल जा चुका है। आरोपितों ने पूरे सुनियोजित तरीके से हत्याकांड को अंजाम दिया। वह आश्रम बेचकर मोटा मुनाफा कमाने की फिराक में थे।

पुलिस अब आरोपितों की निशानदेही पर संत के शव की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक 17 अक्टूबर को आश्रम के महंत गोविंद दास के लापता होने की जानकारी कनखल थाना को दी गई थी। पुलिस ने जांच के दौरान संदेह होने पर आश्रम के एक दूसरे साधु से कड़ाई से पूछताछ की तो सारा मामला सामने आ गया।

पकड़े गए आरोपितों की पहचान अशोक कुमार निवासी दुर्गापुरी एक्टेंशन शहादरा थाना ज्योतिनगर दिल्ली, ललित निवासी पृथ्वी विहार सेक्टर- 32 करनाल (हरियाणा), प्रापर्टी डीलर संजीव कुमार त्यागी निवासी मुंडेत थाना मंगलौर हरिद्वार और योगी रामगोपाल नाथ उर्फ गोपाल सिंह निवासी ग्राम कोहरा थाना सजेती तहसील घाटमपुर जिला कानपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुए है। अन्य दो आरोपितों सौरभ व प्रदीप की तलाश जारी है।

मास्टरमाइंड अशोक कपड़े बेचने के लिए आश्रम एवं आसपास के इलाकों में आता था। कभी-कभी वह एक या दो दिन के लिए आश्रम में रुकता भी था। इस दौरान उसकी जान-पहचान महंत राम गोविंद दास से




हुई। अशोक महंत गोविंद दास को 2021 से जानता था।

वह फरवरी माह 2024 में आश्रम में आया था और करीब तीन माह आश्रम में ठहरा। इसी दौरान वह अपने साथी ललित, सौरभ व प्रदीप को भी आश्रम में बुलाता रहता था। उसने इस बीच आश्रम की पूरी जानकारी एकत्र कर ली। महंत का कोई उत्तराधिकारी न होने के कारण और शहरी क्षेत्र में आश्रम के होने से उनके मन में लालच आ गया।

पुलिस के मुकाबिक अशोक जब वापस गया तो उसने अपने साथियों ललित, सौरभ व प्रदीप के साथ साजिश रचते हुए महंत को रास्ते से हटा करोड़ों की संपत्ति पर कब्जा कर उसे बेचने का प्लान बनाया। प्लान के मुताबिक उन्होंने सबसे पहले आश्रम में लगे सीसीटीवी कैमरे हटा दिए। एक जून 2024 को महंत रामगोविंद दास को पहले नशे का इंजेक्शन लगाकर बेहोश किया। फिर गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को बोरे में भर कर किराए की स्कूटी से गंगा में फेंक दिया। इसके बाद अशोक ने तीन जून को अपने परिचित साधू रामगोपाल नाथ को लालच देकर आश्रम की निगरानी के लिए बुलाया। सबने मिलकर अफवाह फैला दी कि महंत रामगोविंद दास धर्म प्रचार के लिए अयोध्या गए हैं। आश्रम की देखरेख के लिए बुलाए गए साधु को भी पहले यही बताया गया पर उसे आश्रम में रहने के दौरान महंत रामगोविंद दास की हत्या की जानकारी मिली। मगर वह भी लालच वश चुप रहा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 21 अक्टूबर, 2024





# भूल भुलैया 3 की रिलीज से पहले कार्तिक ने साइन की चौथी किस्त?

कार्तिक आर्यन फिलहाल अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 की तैयारी कर रहे हैं। अभिनेता अपने सबसे पसंदीदा किरदार रूह बाबा के साथ वापस आएंगे और इस फिल्म में मंजुलिका बन विद्या बालन भी वापस आएंगी। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित यह फिल्म दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अब, फिल्म के सिनेमाघरों में आने से पहले ही ऐसी खबरें आई हैं कि निर्माताओं ने भूल भुलैया 4 के लिए काम शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, टी-सीरीज के निर्माताओं को पूरा भरोसा है कि फिल्म की तीसरी किस्त भूल भुलैया 2 के कलेक्शन को पीछे छोड़ देगी और फिल्म के चौथे भाग पर काम शुरू हो चुका है। दावा किया जा रहा है कि टी सीरीज के निर्माता इस बात को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं कि फिल्म की तस्करी किस्त, भूल भुलैया 2 के कलेक्शन को पीछे छोड़ देगी। यह पहले भाग से दोगुना मनोरंजक है। फिल्म की चौथी किस्त के लिए विचार पहले ही शुरू हो चुका है और भूल भुलैया 3 के रिलीज होते ही पार्ट 4 पर काम शुरू हो जाएगा।

इस कारण से हिट फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त पर काम शुरू हो चुका है, जिसमें कार्तिक आर्यन एक बार फिर मुख्य भूमिका में हैं। अब देखना यह है कि भूल भुलैया 4 में मंजुलिका का किरदार कौन निभाएगा और फिल्म में कार्तिक की प्रेमिका कौन होगी। हालांकि, फिल्म के चौथे भाग को लेकर न तो कार्तिक की ओर से और न ही अब तक निर्माताओं की ओर से आधिकारिक जानकारी सामने आई है। इस पर अभी आधिकारिक मुहर लगने का इंतजार है। भूल भुलैया 3 की बात करें तो कार्तिक के रूह बाबा इस बार दो मंजुलिका से लड़ेंगे, जिनका किरदार विद्या बालन और माधुरी दीक्षित निभाएंगी। वहीं तृप्ति डिमरी फिल्म में आर्यन की प्रेमिका का किरदार निभाएंगी। यह हॉरर-कॉमेडी फिल्म 1 नवंबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित के अलावा फिल्म में शानदार सहायक कलाकार हैं, जिनमें राजपाल यादव, विजय राज, अश्विनी कालसेकर, राजेश शर्मा, संजय मिश्रा और अन्य शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म का रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित फिल्म सिंघम अगेन से बड़ा क्लैश होगा, जिसमें अजय देवगन, करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, जैकी श्रॉफ, अर्जुन कपूर, रवि किशन और टाइगर श्रॉफ हैं। 1 नवंबर को सिनेमाघरों में इन दोनों फिल्मों के बीच महा मुकाबला देखने को मिलेगा।



# पिता के संघर्ष की कहानी सुनकर आगे बढ़ी हैं श्रद्धा

श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की टॉप और हाइएस्ट पेड अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार हो गई हैं। श्रद्धा कपूर इस समय अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म स्त्री 2 की सफलता का आनंद ले रही हैं। फिल्म अब ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। अब हाल ही में, श्रद्धा ने अपने पिता के संघर्ष और उनकी दी हुई सीख के बारे में खुलकर बात की है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने बताया है कि फिल्म इंडस्ट्री में उनका पूरा सफर कैसा रहा है । हाल ही में एक साक्षात्कार में अभिनेत्री ने स्क्रीन से कहा, मैं बहुत ईमानदार रहूंगी। मैं अभी भी अपने माता-पिता और अपने पालतू जानवरों के साथ रहती हूं... और मेरे लिए यह किसी तोहफे से कम नहीं है। फिल्म इंडस्ट्री में मेरा पूरा सफर शानदार रहा है।

श्रद्धा ने आगे कहा, मुझे लगता है कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं। मेरे माता-पिता ने मुझे उतार-चढ़ाव से गुजरते देखा है, लेकिन मेरा मानना है कि सफलता के लिए असफलता बहुत जरूरी है। असफलता एक बहुत बड़ी शिक्षक है। मुझे एक शानदार सपोर्ट सिस्टम मिलने का सौभाग्य मिला है। मैं जहां हूं, उसके लिए आभारी हूं, क्योंकि कई लोग सेल्युलाइड जीवन जीने का इंतजार कर रहे हैं। अपने पिता शक्ति कपूर के संघर्ष के बारे में बताते हुए अभिनेत्री ने कहा, मेरे पिताजी एक गैर-फिल्मी परिवार से हैं। उनकी कहानियां बहुत अलग हैं। वह दिल्ली से आए थे। मेरे दादाजी की एक कपड़ा दुकान थी और उन्होंने मेरे पिताजी से कहा कि आप दिल्ली में काम करें और जो चाहें करें। मेरे पिताजी ने एक ट्रैवल एजेंसी में नौकरी कर ली थी, लेकिन वह अभिनय करना चाहते थे। वह ट्रेन में चढ़ गए और बॉम्बे आ गए। श्रद्धा ने आगे कहा, वे कहानियां मुझे अपना सिर नीचे रखने के लिए मजबूर करती हैं क्योंकि मेरे पिताजी ने इसे खरोंच से और अपने दम पर बनाया है। मुझे लगता है कि अगर आपके सबसे करीबी लोग आपके साथ हैं, तो आप अपनी पूरी यात्रा के दौरान ठीक हैं।



# किसी भी बात को सीक्रेट नहीं रख सकते वरुण धवन

सामंथा रुथ प्रभु और वरुण धवन सीरीज सिटाडेल-हनी बन्नी में नजर आने वाले हैं। साउथ सिनेमा में शानदार नाम बना चुकी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु को फैमली मैन 2 में भी देखा गया था। वरुण धवन को लेकर सामंथा ने कहा कि वरुण किसी भी बात को रहस्य नहीं रख पाते। सामंथा ने कहा कि वरुण धवन किसी भी बात को सीक्रेट नहीं रख सकते हैं। उन्होंने कहा, फैमली मैन 2 के दौरान ही इस फिल्म के भारतीय रूपांतरण की चर्चा थी, जिसके बारे में मुझे नहीं पता था और वरुण धवन को सब पता था। जब बात वरुण धवन की आती है, सब जानते हैं कि वह किसी भी बात को सीक्रेट नहीं रख सकते हैं। इसके बाद भी वरुण धवन को सब कुछ पता होता है। ये बात मुझे समझ में नहीं आती। बता दें कि फिल्म सिटाडेल- हनी बन्नी का प्रीमियर सात नवंबर को प्राइम वीडियो पर होने वाला है। अमेरिकी सीरीज सिटाडेल के इस भारतीय स्पिनऑफ में वरुण धवन और सामंथा रूथ प्रभु मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा के के मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकित परिहार और काशवी मजूमदार जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं।



# अपनी फिल्म लापता लेडीज के अलावा, इस दूसरी फिल्म को ऑस्कर का दावेदार मानती हैं किरण राव

पिछले साल रिलीज हुई किरण राव निर्देशित फिल्म लापता लेडीज को दर्शकों से लेकर समीक्षकों तक की सराहना मिली। फिल्म की कहानी महिलाओं के लिए बनाई गई कुप्रथाओं पर बात करती है। फिल्म के मुख्य किरदारों का जीवन कैसे इन कुप्रथाओं के कारण मुश्किल में पड़ जाता है, इसी विषय के ईद-गिर्द फिल्म की कहानी घूमती है। इस साल भी किरण राव की यह फिल्म चर्चा में हैं। यह फिल्म ऑस्कर में भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर भेजी गई। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान किरण राव ने अपनी फिल्म लापता लेडीज पर बात की। लेकिन इस इंटरव्यू में उन्हें एक चौंकाने वाली बात कही।

## दूसरी फिल्म को भी माना ऑस्कर का दावेदार

भारत की तरफ से जरूर किरण राव की फिल्म ऑस्कर में गई है। इस बात से वह खुश भी हैं। लेकिन उनका मानना है कि उनकी फिल्म के अलावा पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट भी ऑस्कर की दावेदार है। किरण कहती हैं, कॉस फिल्म फेस्टिवल में पायल की फिल्म बहुत सराही गई, साथ ही फिल्म को अवॉर्ड भी मिला। इस उपलब्धि के बाद मुझे लगता है कि ऑस्कर के लिए भी पायल की फिल्म सही दावेदार है। वैसे तमाम कोशिशों के बाद भी अब तक फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट ऑस्कर के लिए नॉमिनेट नहीं हो पाई है। लेकिन हो सकता है कि यह फिल्म इंडिपेंडेंट एंट्री के तौर पर ऑस्कर में शामिल हो जाए।

## महिला निर्देशकों के लिए खुली है राह

इस साल सिर्फ किरण राव की ही फिल्म ऑस्कर में नहीं गई है। इसके अलावा ब्रिटेन की तरफ से संध्या सूरी की फिल्म संतोष भी ऑस्कर की रेस में है। पायल, संध्या और खुद की फिल्म का ऑस्कर में शामिल होना, किरण की नजर में एक बड़ा बदलाव है। वह एक इंटरव्यू में कहती हैं, यह भारत की महिलाओं के लिए एक खास क्षण है। हमारा समय आ चुका है। मुझे उम्मीद है कि आगे भी भारत की तरफ से बेहतरीन कहानी वाली फिल्में सामने आएंगी, जिनका निर्देशन महिलाओं के द्वारा किया जाएगा।

## आगे भी अलग कहानियों पर करेंगी काम

किरण राव के अगले प्रोजेक्ट्स के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। लेकिन लापता लेडीज जैसी बेहतरीन और सोशल मैसेज वाली फिल्म बनाने के बाद आगे भी वह अलग किस्म की कहानियों पर काम करने की इच्छुक हैं।

# माधुरी दीक्षित ने प्रियंका चोपड़ा की फिल्म पाणी के लिए दी शुभकामनाएं



हाल ही में इंस्टाग्राम पर प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपनी फिल्म पाणी की तारीफ करने के लिए माधुरी दीक्षित को धन्यवाद दिया। इंस्टाग्राम पोस्ट में माधुरी ने फिल्म की पूरी टीम की रचनात्मकता और कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए दर्शकों से फिल्म देखने का आग्रह किया। पानी की कमी के गंभीर वैश्विक मुद्दे पर बात करती हुई मराठी फिल्म पाणी को प्रियंका के प्रोडक्शन हाउस ने बनाया है। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दोस्ताना की अभिनेत्री ने माधुरी की पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए लिखा, धन्यवाद माधुरी दीक्षित नेने। फिल्म की प्रशंसा करते हुए, दिल तो पागल है अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, फिल्म की रचनात्मकता और कड़ी मेहनत के लिए पूरी टीम को बधाई, सिनेमाघरों में जाकर कृपया उसे अपना प्यार और समर्थन दें।

# श्रुति हासन अपने लाइफ पार्टनर में चाहती हैं ये खास खूबिया





श्रुति हासन सिनेमा की चर्चित अभिनेत्रियों में से एक रही हैं। अपने शानदार अभिनय के साथ, वह अपने रिलेशनशिप को लेकर भी काफी सुर्खियों में रही हैं। अपने बॉयफ्रेंड शांतनु हजारिका से ब्रेकअप के बाद उनकी सिंगल लाइफ अक्सर उनके फैंस के बीच हाईलाइट रही है ऐसे में श्रुति ने हाल ही में, उन खूबियों का खुलासा किया जो वह अपने पार्टनर में देखती हैं आइए जानते है क्या हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

## क्या है वो खूबियां जो श्रुति को अपने पार्टनर में चाहिए?

शो टिंडर स्वाइप राइट में कुशा कपिला के साथ बातचीत करते हुए, श्रुति हासन ने अपने लव लाइफ के बारे में बात की और साझा किया कि वह अपने लाइफ पार्टनर में किस तरह के खूबियों को देखना चाहती हैं। श्रुति ने कहा,उन्हें एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत है, जिसके पास सोचने समझने का अलग तरीका हो, जो उनके साथ मस्ती कर सके और एक अलग क्रिएटिव सोच रखता हो। श्रुति ने आगे कहा क्योंकि मैं आर्थिक रूप से स्वतंत्र हुं। इसलिए आज से पहले मेरे साथ रहने वाले सभी लोग मुझपर निर्भर रहते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा मुझे समझ आ गया है कि चाहे कैसा भी रिश्ता हो। हर चीज बराबर होनी चाहिए।

## कब हुआ था ब्रेकअप?

बता दें कि श्रुति हासन पहले शांतनु हजारिका के साथ रिलेशनशिप में थीं। कपल ने 2020 में कोविड के दौरान डेटिंग शुरू की थी। दोनों ने लगभग चार साल तक डेट किया और सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय भी रहे। श्रुति हासन और शांतनु हजारिका ने 2024 में अलग होने का फैसला किया, जिसका कारण कपल ने रिवील नही किया।

## इन फिल्मों में आएंगी नजर


वर्कफ्रंट की बात करें तो श्रुति आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं, जिसमें रजनीकांत की कुली, सालार- भाग 2, और चेन्नई स्टोरी में शामिल हैं। फैंस अभिनेत्री को फिर से देखने के लिए बेकरार हैं।



# पर्दे पर फिर साथ नजर आएंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा कियारा आडवाणी?

बॉलीवुड की पसंदीदा ऑनस्क्रीन और ऑफस्क्रीन जोड़ी सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी को दर्शक फिर एक साथ फिल्म में साथ देख सकते हैं। चर्चा है कि दोनों एक बार फिर एक-दूसरे के साथ अभिनय करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सिद्धार्थ और कियारा एक रोमांचक नई प्रेम कहानी के लिए मैडॉक फिल्म्स के साथ चर्चा कर रहे हैं। सिद्धार्थ और कियारा की ऑनस्क्रीन जोड़ी शेरशाह के साथ प्रशंसकों की पसंदीदा बन गई, जहां उन्होंने कैप्टन विक्रम बत्रा और डिंपल चीमा के वास्तविक जीवन के रोमांस को दिखाया था। बहादुरी, बलिदान और प्रेम पर केंद्रित इस फिल्म ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया, जिससे दोनों कलाकारों को एक प्यारे जोड़े के रूप में और भी मजबूती मिली, तब से प्रशंसक उन्हें फिर से स्क्रीन पर एक साथ देखने के लिए उत्सुक हैं।

अब सोशल मीडिया पर नई जानकारी है कि यह जोड़ा एक रोमांचक नई प्रेम कहानी के लिए मैडॉक फिल्म्स के साथ बातचीत कर रहा है। हालांकि, कहानी के बारे में विवरण अभी भी गुप्त रखा गया है, लेकिन प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र का कहना है कि यह कोई आम बॉलीवुड प्रेम कहानी नहीं होगी। इस प्रेम कहानी में एक दिलचस्प मोड़ और एक नया तत्व है। इसमें रोमांस के साथ फैंटसी चीजों का मिश्रण होगा। यह मैडॉक है, वे हास्य और रोमांस को मिलाने के लिए जाने जाते हैं। यह दर्शकों के लिए एक दिलचस्प नई फिल्म होने जा रही है। अगर यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ता है तो यह 2023 में शादी के बाद सिद्धार्थ और कियारा की साथ में पहली फिल्म होगी।



फिलहाल कियारा ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ वॉर 2 की शूटिंग कर रही हैं। इसके अलावा उनके पास गेम चेंजर और टॉक्सिक भी पाइपलाइन में हैं। वहीं, सिद्धार्थ आखिरी बार योद्धा में नजर आए थे। इससे पहले सिद्धार्थ से पूछा गया कि क्या वह अपनी पत्नी कियारा के साथ एक और रोमांटिक फिल्म में काम करेंगे।

# अक्षय कुमार फिर से बनेंगे वकील करण जौहर संग मिलाया हाथ

अक्षय कुमार और करण जौहर ने अपने नए प्रोजेक्ट की सोशल मीडिया पर घोषणा की। फिल्म भारत के शीर्ष बैरिस्टर सी. शंकरन नायर के जीवन से प्रेरित है। फिल्म में 'अक्की' बैरिस्टर की भूमिका में होंगे। फिल्म जलियांवाला बाग कांड पर आधारित है। यानि जॉली एलएलबी 2 के बाद एक बार फिर से अक्षय कुमार काले कोट में नजर आएंगे। शुक्रवार को निर्माताओं ने अनटाइटल्ड फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया। इंस्टाग्राम पर करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने एक पोस्टर साझा कर कैप्शन में लिखा 'एक अनकही कहानी, एक अनसुना सच। फिल्म का निर्देशन करण सिंह त्यागी करेंगे। जिसमें अक्षय कुमार, आर. माधवन और अनन्या पांडे अहम भूमिका में नजर आएंगे। अनटाइटल्ड फिल्म 14 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, धर्मा प्रोडक्शन के साझा किए गए पोस्टर पर लिखा है 'एक नरसंहार के चौंकाने वाले कवर-अप पर अनटाइटल्ड फिल्म जिसने भारत के शीर्ष बैरिस्टर सी. शंकरन नायर को ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ने को प्रेरित किया। यह फिल्म वास्तविक घटनाओं से प्रेरित और रघु पलट और पुष्पा पलट की किताब 'द केस दैट शूक द एम्पायर पर आधारित है।' बता दें कि 'द केस दैट शूक द एम्पायर जलियांवाला बाग कांड के समय पंजाब के लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल ओडायर द्वारा वायसराय की कार्यकारी परिषद के पूर्व सदस्य चेत्तूर शंकरन नायर के खिलाफ शुरू किए गए मानहानि मुकदमे के अगल-बगल घूमती है।



